देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 16 अंकः 152 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार-प्रवाह...क्या पैसा आएगा?



देहरादून, बृहस्पतिवार, 16 सितंबर 2021

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 27.0° न्यूनतम 24.0°

41243.38

2 ताइवान ने सड़क पर उतारे एफ-16

7 टी20 रैंकिंग में विराट कोहली को फायदा

# ज्ञान न दें पाकिस्तानः भारत

## यूएन मानवाधिकार परिषद में भारत ने पाक और ओआईसी को जमकर लगाई लताड़

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

जिनेवा। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 48 वें सत्र में भारत ने पाकिस्तान और इस्लामिक सहयोग संगठन की नीतियों की जमकर लताड़ लगाई। भारत ने कहा कि पाकिस्तान खुले तौर पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादियों और उनके संगठनों का समर्थन और वित्तपोषण करता है, जो राज्य की नीति के रूप में प्रतिबंधित हैं। पाकिस्तान सिख, हिंदू, ईसाई और अहमदिया सहित अपने अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करने में विफल रहा है।

पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदायों की हजारों महिलाओं और लड़कियों को अपहरण, जबरन विवाह और धर्मांतरण का शिकार होना पड़ा है। भारत को न केवल दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र बल्कि एक मजबूत जीवंत लोकतंत्र के रूप में पाकिस्तान जैसे असफल

**अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव**

पाकिस्तान में मानवता के खिलाफ होने वाले अपराधों पर परिषद का ध्यान आकर्षित करते हुए भारत ने कहा कि जिस तरह से योजनाबद्ध और संस्थागत तौर पर ईशनिंदा को हथियार बनाकर पाकिस्तान अपने यहां अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव कर रहा है वो देखने वाली बात है। यही नहीं अल्पसंख्यकों को जिस तरह से डराया गया है उसे पूरी दुनिया ने देखा है।

राज्य से सबक लेने की जरुरत नहीं है। जिनेवा में भारत के स्थायी मिशन में प्रथम सचिव पवन बधे ने भारत की बातों को काउंसिल में रखा है। हमारे देश के खिलाफ अपने झूठे और दुर्भावनापूर्ण प्रचार का प्रचार करने के लिए परिषद



द्वारा प्रदान किए गए प्लेटफार्मों का दुरुपयोग करना पाकिस्तान की आदत बन गई है।

भारत ने कहा कि हम एक बार फिर इस्लामिक सहयोग संगठन द्वारा केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के संदर्भ में टिप्पणी पर खेद व्यक्त करते हैं और अस्वीकार करते हैं, जो भारत का अभिन्न अंग है। ओआइसी को भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। ओआइसी ने मजबूरी में खुद को पाकिस्तान द्वारा बंधक बनाए जाने की अनुमति दी है, जो अपने स्वयं के एजेंडे को पूरा करने के लिए अपने जिनेवा चौप्टर की अध्यक्षता करता है। यह ओआइसी के सदस्यों को तय करना है कि क्या पाकिस्तान को ऐसा करने की अनुमति देना उनके हित में है। यह संदेहास्पद है कि गंभीर विश्वसनीयता वाला देश मानवाधिकारों और स्वतंत्रता के बारे में बात करता है।'

उन्होंने पड़ोसी देश से कहा कि वह किसी को भी अवांछित सलाह देने से पहले अपने यहां की गंभीर मानवाधिकार स्थितियों का आत्मनिरीक्षण करे।

### बलूचों और सिंध को देखे इमरान सरकार

प्रथम सचिव सेंथिल कुमार ने कहा कि कोई नहीं जानता 47 हजार बलूच और 35 हजार पश्तून कहां हैं। पाकिस्तान में जिस तरह से पंथ आधारित हिंसा हुई है उसमें 50 हजार बलूचों को न केवल मार दिया गया बल्कि एक लाख से अधिक हजार देश छोड़कर भाग गए। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के गिलगित बाल्टिस्तान में लोगों पर जुल्म ढाए जाते हैं। भारत पर आरोप लगाने से पहले पाकिस्तान को खुद के बारे में सोचना चाहिए। सिंध प्रांत में क्या कुछ हो रहा है उसपर ध्यान दे।

### कश्मीर का मुद्दा उठाना पाक को पड़ा भारी

पाकिस्तान में लोग अचानक गायब हो जाते हैं, राज्य द्वारा प्रस्तावित हिंसा, जबरन सामूहिक विस्थापन, हत्याएं, यातना शिविर और बलूचिस्तान में सैन्य शिविरों का डर आम बात है। कुमार ने कहा कि भारत द्वारा पिछले साल अनुच्छेद 370 को लेकर लिया गया फैसला बाहरी प्रभाव से मुक्त था। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों ने शांति भंग करने के पाकिस्तानी प्रयासों को विफल किया है। कुमार ने कहा, 'यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान ने मानवाधिकार परिषद और उसके तंत्र के दुरुपयोग के अपने ट्रैक रिकॉर्ड को बनाए रखा हुआ है। यह गंभीर चिंता का विषय है कि दक्षिण एशिया में पाकिस्तान एकमात्र ऐसा देश है जो राज्य प्रायोजित नरसंहार और दूसरों पर आरोप लगाने का साहस करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### 24 घंटे में 27,176 मामले और 284 मौतें

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। देश में कोरोना संक्रमण के नए मामलों में लगातार कमी दर्ज की जा रही है। पिछले 24 घंटे में संक्रमण के 27 हजार से ज्यादा मामले दर्ज किए गए हैं, जिसमें से करीब 16 हजार केस केरल के हैं। केरल में नए मामलों में मामूली गिरावट आई है। इससे पहले एक दिन में 20 हजार से ऊपर मामले दर्ज किए जा रहे थे। इसके अलावा 24 घंटे में 284 कोरोना मरीजों की मृत्यु हो गई है।

### गुजरात मंत्रिमंडल के नए मंत्री आज लेंगे शपथ

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

अहमदाबाद। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नए मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण वीरवार को अपराह्न डेढ़ बजे होगा। यह जानकारी गुजरात मुख्यमंत्री कार्यालय ने दी। रूपाणी सरकार के सभी मंत्रियों को बदला जा सकता है। भूपेंद्र पटेल की नई सरकार में एक भी वर्तमान व पूर्व मंत्री को जगह नहीं मिलेगी यह एक अपने आप में अलग तरह का मंत्रिमंडल होगा।

# ऑटो और ड्रोन सेक्टर पर सरकार मेहरबान

## कैबिनेट ने राहत पैकेज को दी मंजूरी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में बुधवार को आटो और ड्रोन सेक्टर के लिए पीएलआई योजना को मंजूदी दी गई है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि सरकार भारत में विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने के लिए ऑटो उद्योग, आटो कामपोनेंट उद्योग और ड्रोन इंडस्ट्री के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम लेकर आई है। उन्होंने कहा, इस योजना में 26,058 करोड़ का प्रावधान किया गया है। अनुमान है कि 5 वर्षों में लगभग 47,500 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश होगा और लगभग 7,60,000 व्यक्तियों के लिए रोजगार के अतिरिक्त अवसर मिलेंगे।

अनुराग ठाकुर ने कहा, आटोमोबाइल उद्योग देश के विनिर्माण सकल घरेलू उत्पाद में 35 फीसद का योगदान देता है। यह रोजगार पैदा करने में एक अग्रणी क्षेत्र है। अगर हम वैश्विक मोटर वाहन व्यापार की बात करें तो हमें भारत की भागीदारी बढ़ाने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि पीएलआई योजना वर्तमान और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए और स्थानीय बाजारों के लिए लाया गया है, ताकि हम अपने उद्योग को मजबूत कर सकें।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि टेलीकाम सेक्टर में नौ संरचनात्मक सुधार किए जा रहे हैं। एजीआर की परिभाषा को बदलते हुए इससे गैर टेलीकाम रेवेन्यू को बाहर किया जाएगा।

इससे पहले मंगलवार को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रपति भवन में करीब पांच घंटे तक मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। इस बैठक को चिंतन शिविर कहा गया। बैठक में सादगी ही जीवन का तरीका है पर जोर दिया गया। इसमें स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कार्य क्षमता बढ़ाने को लेकर प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने कहा कि शासन में और सुधार के लिए ऐसे चार और चिंतन शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### 100 फीसद एफडीआइ को मंजूरी

टेलीकाम सेक्टर में आटोमेटिक रूट से 100 फीसद एफडीआइ को मंजूरी दे दी गई है। इसके अलावा पीएम मोदी ने फैसला लिया है कि कस्टमर के सभी केवाइसी फार्म को अब डिजिटाइज किया जाएगा। वैष्णव ने कहा कि आगे से टेलीकाम सेक्टर के लिए सभी तरह की केवाइसी डिजीटाइज्ड होगी और किसी तरह के फार्म या कागज लगाने की जरूरत नहीं है।

# देश में कोरोना टीकाकरण अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। देश में कोरोना टीकाकरण अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रतिदिन औसतन 65 लाख टीके लगाए जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे के दौरान कोरोना टीके के 61 लाख 15 हजार 690 डोज लगाए गए हैं। कुल अबतक 75.89 टीके लगाए जा चुके हैं। मंत्रालय के अनुसार, 76 लाख 68 हजार 216 सत्रों में अब तक देशभर में कोरोना टीकों की 75 करोड़ 89 लाख 12 हजार 277 खुराक लगाई जा चुकी है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार कुल एक करोड़ तीन लाख 65 हजार 064 स्वास्थ्यकर्मियों को पहली खुराक दे दी गई है और 86 लाख 27 हजार 893 को दोनों खुराक दे दी गई है। एक करोड़ 83 लाख 39 हजार 480 फ्रंटलाइन वर्कर्स को पहली खुराक दे दी गई है और वहीं एक करोड़, 41 लाख 57 हजार 234 को वैक्सीन की दोनों खुराक दे दी गई है। 18-44 वर्ष के आयु वर्ग 30 करोड़ 62 लाख 20 हजार 932 लोगों की पहली खुराक और 4 करोड़ 70 लाख 46 हजार 927 लोगों टीके की दोनों खुराक दे दी गई है।

### टीकाकरण

■अबतक कुल 75.89 टीके लगाए गए

**एक्टिव केस तीन लाख 51 हजार**

देश में कोरोना के मामले फिलहाल काबू में दिखाई दे रही है। पिछले 80 दिनों से दैनिक मामले 50 हजार से कम सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में कोरोना के 27 हजार 176 मामले सामने आ गए हैं। वहीं इस दौरान 284 लोगों की मौत हो गई है। इस दौरान 38 हजार 012 मरीज ठीक हुए। एक्टिव केस तीन लाख 51 हजार 087 है। रिकवरी रेट 97.62 फीसद है। पाजिटिविटी रेट 1.69 फीसद है। इस दौरान कोरोना संक्रमण का पता लगाने के लिए बीते 24 घंटे में 16 लाख 10 हजार 829 सैंपल टेस्ट हुए।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# तालिबान से खौफजदा अफगान नागरिक

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। यूएनएचआरसी ने कहा है कि 1 अगस्त से 11 सितंबर तक कुल 736 अफगानों ने भारत में शरण के लिए नया रजिस्ट्रेशन करवाया है। इसमें आगे कहा गया है कि भारत में अफगानों के पंजीकरण और सहायता के बढ़ते अनुरोधों को पूरा करने के लिए वह अपनी क्षमता बढ़ा रहा है। संयुक्त राष्ट्र

### 736 ने भारत में शरण के लिए करवाया नया रजिस्ट्रेशन

शरणार्थी एजेंसी ने कहा कि वह वीजा जारी करने और समयसीमा बढ़ाने, सहायता और समाधान सहित अफगान नागरिकों से संबंधित मामलों पर सरकार के साथ लगातार बातचीत कर रही है।

आंकड़ों के अनुसार, भारत में यूएनएचसीआर के लिए पर्सन आफ कंसर्न की कुल संख्या 43,157 है। इनमें 15,559 रिफ्यूजी और शरण मांगने वाले अफगानिस्तान के लोग हैं। इसका मतलब उन लोगों से है, जिन्हें एजेंसी आंतरिक रूप से विस्थापित, शरण मांगने वाला, या बिना देश वाले व्यक्ति मानती है। संयुक्त राष्ट्र निकाय ने एक बयान में कहा कि 1 अगस्त से 11 सितंबर तक यूएनएचसीआर द्वारा नए पंजीकरण के लिए 736 अफगानों का नाम दर्ज किया गया है।